● **पढ़ो और बोलो :**



# ११. राष्ट्रीय त्योहार

(विद्‌यार्थी कक्षा में राष्ट्रीय त्योहारों पर चर्चा कर रहे हैं ।)

**ज्ञान** : स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस हमारे राष्ट्रीय त्योहार हैं ।

**आकांक्षा** : अमर सपूतों के अथक प्रयासों से १५ अगस्त १९४७ को हमारा देश स्वतंत्र हुआ ।

**त्र्यंबक** : यह दिन स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

**ज्ञान** : आजादी मिलने के बाद बड़ी लगन से देश का संविधान बनाया गया तथा २६ जनवरी १९५० को इसे देश में लागू किया गया ।

**आकांक्षा** : इसीलिए २६ जनवरी का दिन गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

**क्षितिज** : २६ जनवरी और १५ अगस्त के दिन और क्या-क्या होता है ?

**ज्ञान** : राष्ट्रीय त्योहारवाले दिन राष्ट्रध्वज फहराते हैं । राष्ट्रगीत गाते हैं । राज्य, जिला, शहर, गाँव, तथा विद्‌यालयों में इन त्योहारों को धूमधाम से मनाते हैं । प्रभात फेरियाँ निकालते हैं । जगह-जगह सजावट और रोशनी की जाती है ।

**क्षितिज** : यह आजादी बड़े संघर्षों के बाद मिली है । हमें इसकी रक्षा करनी है ।

**त्र्यंबक** : हाँ ! हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को सदैव याद रखना होगा । अपने तिरंगे का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है ।

**आकांक्षा** : राष्ट्रीय त्योहारों पर झंडावंदन के लिए सभी का समय पर उपस्थित होना आवश्यक है । राष्ट्रगीत के समय सदैव सावधान की मुद्रा में खड़े रहें । राष्ट्रीय त्योहार हमें पूरी निष्ठा के साथ आनंदपूर्वक मनाने चाहिए ।



**उचित जोड़ियाँ मिलाओ :**

| | |
|---|---|
| १. स्वतंत्रता दिवस | १. सदैव सावधान की मुद्रा में खड़े रहें । |
| २. २६ जनवरी | २. समय पर उपस्थित होना आवश्यक है । |
| ३. राष्ट्रगीत के समय | ३. गणतंत्र दिवस |
| ४. झंडावंदन के लिए | ४. १५ अगस्त |

❑ उचित आरोह-अवरोह के साथ वाचन करवाएँ । विद्‌यार्थियों से आजादी के महत्त्व पर चर्चा करें । समय पालन और अनुशासन के महत्त्व को समझाएँ । देशभक्ति के गीतों का संग्रह करने के लिए प्रेरित करें । विद्‌यार्थियों को 'जनगणमन' राष्ट्रगीत का महत्त्व बताएँ ।